प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
08.09.2024/प्रादेशिक समाचार/9:20 बजे

स्कूल–मर्ज

प्रदेश में मर्ज किए गए 419 स्कूलों के विद्यार्थियों की कल से नजदीकी स्कूलों में कक्षाएं लगेंगी। शिक्षा विभाग ने मर्ज स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को आसपास के स्कूलों में पंजीकृत करवा दिया है। प्राथमिक पाठशालाओं के विद्यार्थियों को दो किलोमीटर और माध्यमिक पाठशालाओं के विद्यार्थियों को तीन किलोमीटर के दायरे में आने वाले अन्य विद्यालयों में दाखिले दिए गए हैं। मर्ज किए गए 65 माध्यमिक पाठशालाओं में कार्यरत 80 टीजीटी के अन्य स्कूलों में तबादले कर दिए गए हैं। अब जेबीटी और सीएंडवी वर्ग के करीब 500 शिक्षक अगले सप्ताह नए स्कूलों में स्थानांतरित किए जाएंगे। प्रारंभिक शिक्षा निदेशक आशीष कोहली ने बताया कि टीजीटी वर्ग के तबादले कर दिए गए हैं। जेबीटी और सीएंडवी को बदलने की प्रक्रिया जारी है। सभी जिला उपनिदेशकों को निर्देश दिए गए हैं कि मर्ज किए स्कूलों में पढ़ने वाले सभी बच्चों को नजदीकी स्कूलों में दाखिले दिलाए जाएं।

डाइट मनी

प्रदेश सरकार ने अंडर–14 खेलकूद प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों की डाइट मनी 2 सौ 50 रुपए करने के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय ने जिला अधिकारियों को नई व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए है। खिलाड़ियों की डाइट में अब पनीर और केला भी शामिल किया गया है।

शाही स्नान

राधा अष्टमी के दिन डलझील में होने वाले शाही स्नान के लिए चंबा के ऐतिहासिक चरपट नाथ मंदिर से भगवान भोलेनाथ कैलाश मानसरोवर के लिए छड़ी यात्रा रवाना हो गई है। डलझील में शाही स्नान 11 सितंबर को होगा और इसके साथ ही मणिमहेश की पवि़त्र यात्रा सम्पन्न होगी।

इस बीच उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कल धर्मशाला में डल झील में राधा अष्टमी मेले की तैयारियों को लेकर आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि राधा अष्टमी पर्व को भव्य रूप प्रदान किया जाएगा और इसके लिए पहली बार सांस्कृतिक कार्यक्रम व विकासात्मक प्रदर्शनियां आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने प्रशासन को मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस

आज अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस है। इसका आयोजन प्रत्येरक व्यक्ति, समुदाय और समाज के लिए साक्षरता के महत्त्वं की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए किया जाता है। इस वर्ष का विषय है–''बहुभाषी शिक्षा संवर्द्धन'': आपसी समझ और शांति के लिए साक्षरता'। देश में कल इस दिवस की पूर्व संध्या पर विद्यालय शिक्षा और साक्षरता विभाग ने अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में देश–विदेश के विशेषज्ञों ने सार्थक चर्चा की।

राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 15 सितम्बर है। ये पुरस्कार हर साल जनवरी में महिला व बाल विकास मंत्रालय द्वारा दिए जाते हैं और इस साल 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पर इनकी घोषणा की जाएगी। इन पुरस्कारों का उद्देश्य बच्चों की ऊर्जा, दृढ़ संकल्प, क्षमता, जोश और उत्साह का जश्न मनाना है। पांच वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार की आधिकारिक वेबसाइट पर दाखिल किए जा सकते हैं।

प्रवेश तिथि

प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला ने सभी संबद्ध सरकारी व गैर सरकारी कॉलेजों में स्नातक और शास्त्री कक्षाओं में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 22 सितम्बर तक बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव वीरेन्द्र शर्मा ने बताया कि जो विद्यार्थी किसी कारण तय समय में प्रवेश नहीं ले पाए हैं उनकी सुविधा के लिए ये निर्णय लिया गया है। उन्होंने सभी कॉलेजों को इन आदेशों को लागू करने के निर्देश दिए हैं।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने शिमला, सिरमौर और सोलन जिलों में आज फ्लैश फ्लड की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने इन जिलों में लोगों को एहतियात बरतने को कहा और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों और नदी–नालों से दूर रहने का भी परामर्श दिया है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से––––

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने एक सौ 10 मेगावाट की शानन जल विद्युत परियोजना से जुड़ी ख़बर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है– **शानन प्रोजेक्ट के लिए सुप्रीम कोर्ट जाएगी सरकार**। पंजाब केसरी का शीर्षक है–**शानन जल विद्युत परियोजना के लिए सर्वोच्च न्यायालय जाएगी हिमाचल सरकार–पंजाब के पक्ष में परियोजना की पट्टा अवधि हो चुकी समाप्त, केंद्र और पंजाब सरकार के समक्ष भी मजबूती से अपना पक्ष रखेगी सरकार**।

दिव्य हिमाचल लिखता है–**संजौली मस्जिद विवाद पर जेई–वक्फ बोर्ड को फटकार**। पंजाब केसरी का कहना है–**कोर्ट के समक्ष अढ़ाई मंजिल के निर्माण का पुख्ता रिकॉर्ड पेश नहीं कर पाया वक्फ बोर्ड**। दैनिक जागरण के शब्द हैं–**वक्फ बोर्ड नहीं जानता मस्जिद के ऊपर किसने बनाई मंजिलें**।

दैनिक सेवरा टाइम्स की एक ख़बर है–**सूबे में स्थापित होंगे 48 स्वचालित मौसम विज्ञान केंद्र**। पंजाब केसरी के शब्द हैं–**हिमाचल में बारिश और बादल फटने की पूर्व चेतावनी के लिए स्थापित होंगे 48 मौसम केंद्र**।

मौसम से जुड़ी ख़बर पर– हिमाचल दस्तक लिखता है–**शिमला, सिरमौर व सोलन जिलों के लिए फ्लैश फ्लड का अलर्ट**। आपका फैसला के शब्द हैं–**राजधानी शिमला में झमाझम बरसे बादल, कूल–कूल हुआ मौसम**।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ.....नमस्कार।

–––––––––––––––––––